हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल 2026



06 400 सीसीटीवी से 150 किमी तक ट्रैक कर पुलिस ने ...



09 रेड़ी, पटरियों पर बैठे छोटे दुकानदारों ने लगाया...



## खबर संक्षेप में

### अघोषित विद्युत कटौती से आमजन परेशान

**नलखेड़ा।** भीषण गर्मी में नगर में हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आमजन परेशान हो रहे हैं। बिजली की लुका छिपी का खेल बदस्तूर जारी है। नगर में विगत कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। जिसको लेकर विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदार कभी मेंटेनेंस तो कभी फाल्ट होने की बात करते हैं। लेकिन इस भीषण गर्मी व उमस भरे वातावरण में बिजली कटौती से आमजन परेशान हो रहे हैं। कई दिनों से सुबह से शाम तक बिजली का आना जाना निरंतर जारी रहा। कभी कुछ समय तो कभी आधा से एक घंटे तक बिजली गुल रह रही है। इस भीषण गर्मी में जहाँ तापमान 43 डिग्री के आसपास है ऐसी परिस्थिति में बिजली गुल होने व पंखे कूलर एसी बंद हो जाने से आमजन बेहाल दिखाई दे रहे हैं। बिजली की यह आंख मिचौली दिन के साथ साथ रात में भी हो रही है।

### महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों एवं एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से 30 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। विद्यार्थियों के लिए, प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए इस वर्ष भी इसे तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, इसमें दो केंद्रीकृत चरण एवं एक सीएलसी चरण सम्मिलित रहेगा। विद्यार्थी मोबाइल ऐप (ePravesh) एवं ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि इस सत्र से विद्यार्थी आज से ही ePravesh ऐप के माध्यम से पंजीयन प्रारंभ कर सकते हैं, जबकि विकल्प चयन 1 मई से प्रारंभ होगा।

### कलेक्टर की ग्राम मोड़ी में रात्रि चौपाल, जनसंवाद कर योजनाओं की जानकारी दी

# 'रात्रि चौपाल, संवाद से समाधान योजनाओं का हर घर तक विस्तार'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जनपद सुसनेर के ग्राम मोड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार सायं रात्रि कालीन ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में कलेक्टर प्रीति यादव के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। रात्रि चौपाल में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीएस सोलंकी, एसडीएम सुसनेर किरण बरबड़े, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, कमल मंडलोई, सीईओ जनपद सुसनेर जितेंद्र सिंह धाकरे सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

चौपाल में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को ऑन-द-स्पॉट लाभ वितरित किए गए। पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राह वीर योजना, हिट एंड रन प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा हेलमेट वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा सांवरिया समूह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा जय नारायण गिरिराज को सिंचाई यंत्र वितरित किया गया। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व पत्र वितरित किए गए। ग्रामचौपाल में एक ग्रामीण द्वारा विद्युत समस्या रखे जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए, जिस पर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया।



कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत वॉश ऑन व्हील सेवा की जानकारी भी दी गई। इस सेवा के माध्यम से संस्थागत शौचालयों की मशीनीकृत सफाई, जल जीवन मिशन के अंतर्गत ओवरहेड टैंकों की सफाई, स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की जल टंकियों की सफाई एवं घरेलू स्तर पर नल-टोटी मरम्मत जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कलेक्टर ने रात्रि चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि रात्रि चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कार्यों से निवृत्त होने के बाद सहज वातावरण में संवाद का अवसर देना है। उन्होंने बताया कि यह एक पुरानी परंपरा है, जिसे पुनः प्रभावी रूप से प्रारंभ किया गया है, ताकि ग्रामीण अपनी समस्याएं सरलता से प्रशासन तक पहुंचा सकें। आज से ग्राम मोड़ी से चौपाल की शुरुआत की गई है और आगामी समय में विभिन्न ग्रामों में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने, समस्याओं को प्रस्तुत करने तथा प्रशासन के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अब कई सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध हो रही हैं, जैसे आधार पंजीयन आदि, जिससे नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यातायात सुरक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा सुरक्षित ड्राइविंग को अपनाएं।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने संबोधन में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतों के निराकरण की जानकारी दी तथा नए कानूनों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता बताई। उन्होंने नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी देते हुए समाज से सहयोग की अपील की। अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाल में प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही अधिकतम निराकरण सुनिश्चित करें तथा शेष प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए।

## गाय को बचाने में बस पेड़ से टकराई, हेल्पर की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोठरी

भोपाल-इंदौर हाईवे पर मंगलवार सुबह एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। आष्टा के पास पार्वती थाना क्षेत्र में अहमदाबाद से भोपाल जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराई। इस टक्कर में बस के हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार सभी 30 यात्री बाल-बाल बच गए। पार्वती थाना पुलिस के अनुसार हादसा सुबह लगभग 8 बजे कचनारिया जोड़ के पास हुआ। वर्मा ट्रेवल्स की बस (अहमदाबाद से भोपाल मार्ग) जब आष्टा से करीब 10 किलोमीटर दूर थी, तभी अचानक सडक़ पर एक गाय सामने आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, जिससे बस का टायर फट गया और वाहन बेकाबू होकर सीधे पेड़ से जा भिड़ा।

### केबिन काटकर निकाला गया शव

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस के हेल्पर सुनील मुकाती निवासी पोलाई कला शाजापुर की केबिन में फंसने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पार्वती थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को कटर की मदद से केबिन काटकर बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए आष्टा सिविल अस्पताल भेजा गया।

### सामने मौत दिख रही थी

बस चालक रामचंद्र पटेल ने बताया कि गाय के अचानक सामने आने से कुछ पल के लिए कुछ समझ नहीं आया। ब्रेक मारते ही टायर फट गया और बस पेड़ में जा घुसी। चालक ने भावुक होते हुए कहा उस वक्त सामने साक्षात मौत दिखाई दे रही थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

## कायाकल्प योजना के तहत किया जा रहा 91 लाख की लागत से मार्केट की सड़कों का डामरीकरण

**सीहोर।** शहर के छावनी स्थित मार्केट में कायाकल्प योजना अंतर्गत 91 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के वार्ड 28 के गांधी रोड पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा चुके है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से साफ-सफाई को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रात्रि को भी शहर में नगर पालिका के अमले द्वारा सफाई कार्य किया जाता है। नपा के इंजीनियर ने बताया कि शहर के छावनी स्थित मार्केट में डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

## नगर में स्थान-स्थान पर पशुओं को पानी के लिए ठेल रखीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भीषण गर्मी के इन दिनों में जहां आमजन हलाकान हो रहे हैं। वहीं मूक पशु पक्षियों की हालत और अधिक खराब हो रही है। ऐसे में स्वयंसेवी संस्थाओं तथा पशु पक्षी प्रेमियों द्वारा जीव दया के कार्य किए जा रहे हैं। वहीं पक्षियों के लिए गर्मी के इन दिनों में पानी के लिए मिट्टी के सकोरे अपने घरों की गैलरी व छतों के साथ ही पेड़ों पर लटकाए जा रहे हैं। जिसमें प्रतिदिन नियमित रूप से पक्षियों के लिए पानी भरा जा रहा है। वहीं इस भीषण गर्मी के दौर में नगर में स्थान स्थान पर पशुओं को पीने के पानी के लिए ठेल रखी गई है। नगर में गर्मी बढ़ने के साथ ही कई सामाजिक संस्थाएं व नागरिक स्वयं जहां पक्षियों के लिए सकोरे लगा रहे हैं वहीं पशुओं के लिए पानी की ठेल रख रहे हैं।

## 45 आवेदनों पर हुई सुनवाई




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दल बदल राजनीति लोकतंत्र के लिए घातकः दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी और दलबदल की राजनीति पर करारा हमला बोला है। सीहोर प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी छोडक़र भाजपा का दामन थामने वाले सांसदों को आड़े हाथों लिया और उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर बड़ी टिप्पणी की।

दिग्विजय सिंह ने विशेष रूप से उन सांसदों पर निशाना साधा जो अपनी मूल पार्टी के साथ गद्दारी कर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि जो सांसद अपनी निष्ठा बदलकर और निजी हितों के लिए भाजपा में गए हैं, उनका सत्यानाश हो जाएगा। सिंह ने कहा कि जनता ऐसे अवसरवादी नेताओं को कभी माफ नहीं करती



और दलबदल की यह राजनीति लोकतंत्र के लिए घातक है।

### महिला आरक्षण पर केंद्र को घेरा


महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीयत कभी साफ नहीं रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर देश से लगातार झूठ बोला जा रहा है। सिंह ने कहा यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है तो परिसीमन और जनगणना जैसे बहाने क्यों बनाए जा रहे हैं। इसे भविष्य के बजाय तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए।

### यूपी चुनाव से ही लागू हो आरक्षण

दिग्विजय सिंह ने सुझाव दिया कि यदि सरकार की मंशा नेक है तो आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से ही महिला आरक्षण की शुरुआत कर देनी चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भी आरक्षण लागू करना पूरी तरह संभव है, लेकिन सरकार केवल श्रेय लेने और समय टालने की राजनीति कर रही है। विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे ऑपरेशन लोटस के आरोपों को हवा देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराया-धमकाया जा रहा है।

## जिले के 193 सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित




**नलखेड़ा।** जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से जिले के 193 सुपरवाइजरों की बैठक सोमवार को जिला पंचायत सभा कक्ष आगर, सांदीपनि विद्यालय सुसनेर एवं नलखेड़ा में आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सुपरवाइजरों के दायित्व एवं कार्यों की जानकारी देते हुए जनगणना कार्य के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही एचएलओएप की तकनीकी बारीकियों, एप संचालन की प्रक्रिया एवं मैदानी स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सुपरवाइजर सर्किल के नियमित भ्रमण, कार्य की मॉनिटरिंग तथा परगणकों द्वारा तैयार किए जाने वाले नगरी नक्शों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी सुपरवाइजर निर्धारित समय-सीमा में अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त 1 मई 2026 से प्रारंभ होने वाले जनगणना के प्रथम चरण मकान गणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्ययोजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाना आवश्यक है।

### जिले के 50 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में पहुंची राशि

# मुख्यमंत्री ने पेंशन राशि की अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंत्रालय भोपाल स्थित प्रतिकक्ष से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 33 लाख से अधिक हितग्राहियों को माह मार्च पेड इन अप्रैल 2026 की 200.71 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया गया, जिसमें आगर-मालवा जिले के पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों ने भी सहभागिता की।

कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार आयोजन के दौरान जिले में नवीन पेंशन स्वीकृति प्राप्त हितग्राहियों का सम्मान कर उन्हें स्वीकृति आदेश भी प्रदान किए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीएस सोलंकी द्वारा नवीन






हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश वितरित कर पुष्पमालाओं से सम्मानित किया गया। सामाजिक न्याय विभाग के शाखा प्रभारी निलेश झासिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 50 हजार 362 हितग्राहियों के खातों में 3 करोड़ 1 लाख 57 हजार 200 रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा समाज के निर्धन एवं निराश्रित वर्गों, जैसे वृद्धजन, परित्यक्ताएं, एवं दिव्यांगजन के लिए विभिन्न पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही को प्रतिमाह 600 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। शासन द्वारा उक्त राशि का अंतरण सीधे हितग्राहियों के खातों में किया गया।

### कलेक्टर ने सुसनेर वेयरहाउस का किया निरीक्षण


## गेहूं भंडारण, परिवहन व सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को देर रात्रि सुसनेर स्थित वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं की तुलाई उपरांत रखे गए स्टॉक, भंडारण व्यवस्था, परिवहन कार्य एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने वेयरहाउस में रखे गेहूं के स्टॉक की स्थिति का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से भंडारण क्षमता, परिवहन की प्रगति तथा सुरक्षा इंतजामों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जित गेहूं का सुरक्षित एवं व्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित किया जाए तथा परिवहन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वेयरहाउस परिसर में रिकॉर्ड संधारण एवं निगरानी व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत बीएस सोलंकी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## 52 लीटर अवैध शराब जब्त, आबकारी विभाग ने होटल में छापा मारा



**देवास।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक होटल पर छापा मारकर 52 लीटर से अधिक शराब जब्त की है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है। आबकारी विभाग की टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि पुष्पराज होटल में अवैध शराब का भंडारण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दबिश दी। टीम ने होटल परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें 52 लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद हुई। जब्त शराब को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से अजय धाकड़ को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश पवार ने बताया कि जब्त शराब कहां से लाई गई और इसमें कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच की जा रही है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 18 साल में 65 चोरियां करने वाला अंतर्राज्यीय शातिर सात दिन में गिरफ्तार

# 400 सीसीटीवी से 150 किमी तक ट्रैक कर पुलिस ने भोपाल बायपास से दबोचा

महाराष्ट्र राजस्थान एवं मध्य प्रदेश (तीन राज्यों ) के 13 जिलों में विगत 18 वर्षों में की थी 65 चोरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत एक बड़ी और उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए देवास पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय कुख्यात शातिर चोर को महज 7 दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पिछले 18 वर्षों में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के 13 जिलों में 65 से अधिक चोरी, सेंधमारी और संपत्ति संबंधी वारदातों को अंजाम दिया था तथा 22 मामलों में फरार चल रहा था। मामला 17 अप्रैल 2026 का है, जब सदगुरु मोटर्स (होंडा) शोरूम, देवास के संचालक राजेन्द्र मोहरी ने थाना बीएनपी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात बदमाश ने रात में शोरूम का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कैश काउंटर व तिजोरी को नुकसान पहुंचाकर 47,892 नगद व महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना बीएनपी प्रभारी निरीक्षक प्रीति कटारे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने करीब 400 कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र और डिजिटल सर्विलांस के समन्वय से आरोपी की गतिविधियों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। इस दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने मक्सी रोड स्थित एक होम डेकोर दुकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। लगातार 7 दिनों तक बहु-राज्यीय स्तर पर सघन पतारसी करते हुए पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रैक की और उसकी मूवमेंट को देवास से भोपाल तक लगभग 150 किलोमीटर तक फॉलो किया। अंततः आरोपी सचिन गौहर (44 वर्ष), निवासी नई बस्ती तिकोनिया, मुरार, ग्वालियर को भोपाल बायपास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि चौंकाने वाली सामने आई। उसके खिलाफ मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में 65 से अधिक चोरी, सेंधमारी और अन्य संपत्ति संबंधी अपराध दर्ज हैं। वह एक आदतन, संगठित और प्रोफेशनल अपराधी है, जो लंबे समय से पुलिस को चकमा देता आ रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 58,150 नगद और घटना में प्रयुक्त R15 मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 1,70,000) जब्त की। कुल मिलाकर 2,28,150 का मश्रुका बरामद किया गया। खास बात यह है कि यह मोटरसाइकिल हाल ही में ग्वालियर जिले के एक शोरूम से चोरी की गई थी।

### देवास पुलिस का संदेश

"ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत स्थापित जनसहभागिता आधारित सीसीटीवी नेटवर्क अब अपराधियों के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच बन चुका है। तकनीक और सतर्क पुलिसिंग के चलते अब अपराध कर बच निकलना बेहद कठिन हो गया है।

### सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बीएनपी निरीक्षक प्रीति कटारे, एसआई कमलसिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अभिषेक पाण्डेय, आरक्षक संदीप यादव, शंकर डोडियार, सिराज, उमेश, दीपेन्द्र शर्मा एवं साइबर सेल के सचिन चौहान और शिव प्रताप सिंह सेंगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शादी परिसर के एक कमरे में लगी आग, टला हादसा

**चौकीदार ने सभी को जगाया**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मक्सी रोड स्थित एक शादी परिसर के कमरे में बुधवार सुबह 5 बजे आग लग गई, जहां 150 से अधिक लोग सो रहे थे, लेकिन चौकीदार की सतर्कता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

कमरे में रखे पेंट और अन्य ज्वलनशील सामग्री ने आग को तेजी से फैलने में मदद की। देखते ही देखते आग से धुएं का गुबार पूरे ऊपरी हिस्से में फैल गया। अधिकांश लोग गहरी नींद में थे, जिससे खतरा और बढ़ गया। परिसर के चौकीदार ने समय रहते धुआं और आग को देख लिया। उसने तुरंत सभी लोगों को जगाया और बिजली की सप्लाई बंद कर दी। अचानक मची अफरा-तफरी के बीच लोग धुएं के बीच से किसी तरह नीचे ग्राउंड फ्लोर तक पहुंचे। धुआं अधिक होने के कारण उतरने में काफी दिक्कत हुई। जिस कमरे में आग लगी, उसके पास ही दुल्हन पक्ष के लोग ठहरे हुए थे, जिससे स्थिति और ज्यादा संवेदनशील हो गई थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 1 से 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि आग एक ही कमरे तक सीमित रही और पूरे परिसर में नहीं फैली, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। जानकारी के मुताबिक, सिरोलिया गांव का एक परिवार यहां ठहरा था और बुधवार को लडक़ी का विवाह होना था। परिसर प्रबंधक राजेंद्र सिंह बेस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी और सभी लोग सुरक्षित हैं, किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## बच्चों को रेंकिंग व ग्रेडिंग में बांटना अब पूरी तरह प्रतिबंधित उल्लंघ पर मान्यता समाप्त



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में संचालित प्ले स्कूल (शाला पूर्व शिक्षा केंद्र) में नर्सरी, केजी 1 एवं केजी 2 के विद्यार्थियों की किसी भी प्रकार की परीक्षा लेने तथा उसकी रेंकिंग व ग्रेडिंग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। शाला पूर्व शिक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षा ली जाना पायी जायेगी तो मान्यता समाप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश में उल्लेख है कि देवास जिले में संचालित प्ले स्कूल (शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों) के सम्बंध में शिकायत प्राप्त हुई है कि शाला पूर्व शिक्षा केन्द्रों में नर्सरी, केजी 1 एवं केजी 2 में पढ़ने वाले बच्चों की परीक्षा आयोजित कर रेंकिंग/ग्रेडिंग जारी की जा रही है, जो कि राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा(ECCE) नीति 2013 के तहत "शाला पूर्व शिक्षा नीति 2022 मध्यप्रदेश" का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसमें स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों की किसी भी प्रकार की परीक्षा नहीं ली जायेगी। जिसका प्रकाशन मध्यप्रदेश राजपत्र में किया गया है।

# शहर को नॉन-अटेन्मेंट सिटी घोषित करने के बाद प्रदूषण नियंत्रण पर बैठक में किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा वायु अधिनियम 1981 की धारा 18 (1) (बी) के अंतर्गत देवास शहर को नॉन-अटेन्मेंट सिटी घोषित किए जाने के बाद शहर में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के परिणामों एवं पूर्व बैठकों के विषयों पर चर्चा के लिए जिला स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।नगर निगम के सभाकक्ष में महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने हेतु एक्शन प्लान पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के प्रमुख एजेंडा में मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल द्वारा शहर में की गई सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वे टीम ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि शहर में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोत कौन-कौन से हैं और किन कारणों से हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। महापौर गीता अग्रवाल ने बताया कि वायु गुणवत्ता में देवास शहर 3 से 5 लाख की आबादी में देश में प्रथम रहा है। स्वच्छ वायु के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भविष्य में भी शहर को स्वच्छ हवा एवं वातावरण मिले।प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार देवास शहर की हवा में सबसे अधिक प्रदूषण उद्योगों से निकलने वाले धुएं एवं सड़कों पर उड़ने वाली धूल से हो रहा है। इसके बाद निर्माण कार्यों के दौरान उड़ने वाले महीन कण भी प्रदूषण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। सभापति रवि जैन ने अपने सुझाव में कहा कि उद्योगों से निकलने वाले धुएं पर वायु गुणवत्ता को लेकर प्लान तैयार करना होगा। देवास के उद्योग हमारे शहर की इकोनॉमी हैं। उद्योगों को कोई नुकसान न हो और वायु की गुणवत्ता बनी रहे, इसी प्रकार से वैज्ञानिक तरीके से हमें हल निकालना होगा।तीसरे प्रमुख स्त्रोत के रूप में वाहनों के धुएं से भी प्रदूषण फैल रहा है। इसके अलावा अन्य छोटे-बड़े कारण भी वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर रहे हैं, जिन पर नियंत्रण की आवश्यकता बताई गई।बैठक में इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक कदमों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने सुझाव दिया कि वाहनों के उत्सर्जन पर नियंत्रण, सड़क धूल प्रबंधन, निर्माण स्थलों पर सख्त निगरानी तथा औद्योगिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण से वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है।इस बैठक में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेड़ेकर, एन.के.एप. कन्सलटेंट से अनिल शर्मा, वर्षा जोशी, निगम प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, जितेन्द्र सिसोदिया, विश्वजीतसिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसडीएम देवास ने पटवारी शैलेंद्र साहू को तत्काल प्रभाव से किया निलम्बित

**देवास।** एसडीएम अभिषेक शर्मा ने ग्राम छापरी तहसील देवास में पदस्थ पटवारी शैलेन्द्र साहू को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर मध्य प्रदेश सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है । निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय टप्पा बरोठा तहसील देवास में रहेगा तथा निलंबन काल में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी । आदेश में उल्लेख है कि ग्राम छापरी में पदस्थ पटवारी शैलेंद्र साहू के सम्बंध में राजस्व कार्य सीमांकन आदि नही किए जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में ग्राम छापरी में लम्बित सीमांकन प्रकरणों का अवलोकन किया गया जिसमें पटवारी हल्का द्वारा कई प्रकरणों में वर्तमान दिनांक तक सीमांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत नही किया गया।

# जन आक्रोश महिला सम्मेलन और रैली आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर में मंगलवार को जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गायत्रीराजे पंवार उपस्थित रहीं। विधायक पंवार ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण भारतीय संस्कृति की पहचान है। महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें समान अवसर दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर नारी सम्मान, महिला अधिकारों एवं जनहित के मुद्दों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम की भूमिका भाजपा जिला महामंत्री एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम जिला सह प्रभारी राजेश यादव ने रखी तथा कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम का मंच संचालन विनीता व्यास ने किया। इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, मधु शर्मा, राखी झालानी, टीना बरेला, मनोरमा सोलंकी, शोभा गोस्वामी, खुशबू वर्मा, रितु सवनेर, बिंदु वर्मा, अखिल ठाकुर, दिव्या आहूजा, रवि जैन, ओम जोशी, मनीष सोलंकी एवं नवीन सिंह सोलंकी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन के पश्चात मल्हार स्मृति मंदिर से खेड़ापति मंदिर तक जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समापन खेड़ापति सरकार मंदिर पर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना के साथ किया।

### 21 साल बाद भौरासा में हुआ गांव गैर माता पूजन, उमड़ा आस्था का सैलाब

# बहन के सिर से भाई ने उतारी सिगड़ी, मां से मांगी सुख-समृद्धि





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में बुधवार को 21 साल बाद गांव गैर माता पूजन का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पूरे नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस विशेष धार्मिक आयोजन में करीब 80 हजार से अधिक लोगों ने मां शीतला की आराधना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

पूजन की शुरुआत मंगलवार रात 12:15 बजे हुई, जो दिनभर जारी रही। पूरे नगर में मां शीतला की जय-जयकार, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से माहौल भक्तिमय हो गया।इस आयोजन की सबसे खास परंपरा रही सिगड़ी पूजन। महिलाएं 15 दिन पहले से मिट्टी की सिगड़ी बनाकर उसे सजाती हैं और पूजन के दिन उसे सिर पर रखकर मंदिर पहुंचती हैं।

यहां भाई अपनी बहन के सिर से सिगड़ी उतारकर माता का पूजन पूर्ण करता है। इस परंपरा के माध्यम से परिवार की सुख-समृद्धि और रक्षा की कामना की जाती है।गांव गैर माता पूजन के चलते पूरे नगर में एक माह तक किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं हुए और न ही ढोल-नगाड़े बजे। केवल शीतला माता मंदिर पर प्रतिदिन पूजा-अर्चना होती रही। महिलाओं ने प्रतिदिन कलश लेकर मंदिर पहुंचकर जल अर्पित किया।सात स्थानों पर हुआ पूजननगर के सात अलग-अलग शीतला माता मंदिरों में विधि-विधान से पूजन किया गया। माली मोहल्ला स्थित मंदिर में नगर पटेल यशवंत सिंह राजपूत ने परिवार सहित पूजन किया।

वहीं अन्य मोहल्लों—कुमावत, लोधी, संजय नगर, गोया और खेड़े पर स्थित मंदिरों में भी पटेलों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।इतने बड़े आयोजन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे, नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी सहित कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। आसपास के थानों का पुलिस बल भी तैनात रहा।

भीड़ प्रबंधन के लिए नगर को कई सेक्टरों में बांटा गया था। स्थानीय परंपरा के अनुसार जब नगर पटेल को मां शीतला का सपना आता है, तब गांव गैर माता पूजन का आयोजन तय किया जाता है। इस बार आयोजन की तिथि एक वर्ष पहले ही घोषित कर दी गई थी।आयोजन में क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर और पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर मां शीतला के दर्शन किए और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

# नदी में पानी पीने गई 6 भैंसों की करंट लगने से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बुधवार दोपहर ग्राम पंचायत मोखापिप्ल्या के ग्राम खेड़ा में दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नदी में पानी पीने गई एक किसान की 6 भैंसों की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।जानकारी अनुसार ग्राम खेड़ा निवासी किसान हजारी पिता गणपत जाट की भैंसें पास स्थित कालीसिंध नदी में पानी पीने गई थीं। इसी दौरान नदी किनारे पड़े विद्युत तारों में करंट होने से सभी भैंसें उसकी चपेट में आ गईं और कुछ ही क्षणों में उनकी मौत हो गई।ग्रामीणों के मुताबिक घटनास्थल पर बिजली के टूटे हुए तार नीचे पड़े थे और लाइन में करंट चालू था। इसी लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ।घटना की जानकारी मिलते ही किसान हजारी जाट मौके पर पहुंचे, लेकिन अपनी भैंसों की मौत का सदमा सहन नहीं कर पाए और उनकी तबीयत बिगड़ गई। ग्रामीणों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया।मृत सभी भैंसें मुर्रा नस्ल की बताई जा रही हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 7 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है।सूचना मिलते ही सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार, कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा और विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घटना का पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है।

## खबर संक्षेप




### पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार किया

**ललितपुर।** जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मदनपुर और थाना तालबेहट पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के क्रम में थाना मदनपुर पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें मुलायम सिंह पुत्र सन्तू निवासी ग्राम मदनपुर तथा कपूर सिंह पुत्र नवल सिंह निवासी ग्राम पहाड़ी कला शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम से संबंधित मामलों में वारंट जारी थे। वहीं थाना तालबेहट पुलिस ने एक अन्य वारंटी अभियुक्त भागीरथ निवासी ग्राम खांदी मजरा दरदरी को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ भादवि की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### वुमेंस खेलो इंडिया वॉलीबॉल लीग आज

**ललितपुर।** नारी शक्ति के सम्मान एवं महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एवं उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से वूमेन्स खेलो इंडिया वॉलीबॉल लीग का आयोजन 30 अप्रैल 2026 को जीजीआईसी में किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में शकुंतला कुशवाहा उपस्थित रहेंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जीजीआईसी प्रधानाचार्या अंजना वर्मा करेंगी। आयोजन समिति के अनुसार इस प्रतियोगिता में जनपद के सभी स्कूल, कॉलेज, खेल अकादमियों एवं इच्छुक टीमों को आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजकों ने सभी टीमों से समय रहते अपनी प्रविष्टि सुनिश्चित कर अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी सुखसाहब यादव, माधव सेन, अनुज गौतम सहित समस्त सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष शुभांशु अवस्थी एवं सचिव कपिल दुबे ने बताया कि यह आयोजन जनपद में महिला खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### जनगणना, प्रगणकों का प्रशिक्षण संपन्न

**ललितपुर।** जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत नगर महरौनी में प्रथम चरण की भवन गणना के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। यह प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू होकर शनिवार को समाप्त हुआ, जिसमें त्रुटिहीन आंकड़ों के संकलन पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी साक्षी साहू द्वारा किया गया। उनके निर्देशन में 7 पर्यवेक्षकों एवं 34 प्रगणकों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित किया गया, जिसमें रिजर्व प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को भी शामिल किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने जनगणना के इतिहास, उद्देश्य, आवश्यकता और कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। प्रथम चरण में की जाने वाली भवन गणना के तहत प्रत्येक प्रगणक को आवंटित क्षेत्र में भवनों का नजरी नक्शा तैयार करने, उनकी संख्या दर्ज करने तथा 34 बिंदुओं से संबंधित आवश्यक जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज करने की प्रक्रिया सिखाई गई। मास्टर ट्रेनर के रूप में हरिवंश रिछारिया एवं हरिराम साहू ने प्रशिक्षण प्रदान किया। अंतिम दिन आयोजित सत्र में प्रगणकों ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया।

### नगर पालिका परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान विवादों में

# रेड़ी, पटरियों पर बैठे छोटे दुकानदारों ने लगाया भेदभाव करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर में बुधवार को नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर अभियान के तहत सब्जी, फल, चाय की गुमठियों और छोटे ठेलों को हटाकर उनका सामान ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर लिया गया, वहीं दूसरी ओर बड़े दुकानदारों द्वारा नालियों पर किए गए पक्के अतिक्रमण पर कार्रवाई न होने से भेदभाव के आरोप तेज हो गए हैं। अभियान के दौरान सावरकर चौक से कटरा बाजार मार्ग पर रोजाना 10 से 15 फीट तक फैले अतिक्रमण पर किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की नजर न पडऩा स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। छोटे दुकानदारों का आरोप है कि प्रशासन केवल कमजोर वर्ग पर ही कार्रवाई कर रहा है, जबकि प्रभावशाली लोगों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

#### सदर कांटा क्षेत्र में दिखा विरोध



सदर कांटा इलाके में अवैध रूप से लगाई गई सब्जी दुकानों पर जब कार्रवाई हुई, तो वहां मौजूद महिला दुकानदार ने नाराजगी जताते हुए नपा कर्मियों को चेतावनी तक दे डाली। इस दौरान कई छोटे दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू किया, लेकिन टीम ने मौके पर पहुंचकर जब्तीकरण की कार्रवाई तेज कर दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई जगह दुकानदार अपने सामान को बचाने के लिए छीना-झपटी करते नजर आए।

#### निरीक्षण के बाद शुरू हुई कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर में पैदल निरीक्षण कर सड़क चौड़ीकरण की योजना तैयार की थी। उसी के तहत बुधवार को अभियान को अमलीजामा पहनाया गया।

#### निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

स्थानीय व्यापारियों और गुमटी संचालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान बिना किसी भेदभाव के चलाया जाए। उनका कहना है कि यदि कार्रवाई हो तो सभी पर समान रूप से हो, ताकि न्यायसंगत व्यवस्था बनी रहे।

### सुंदरता, पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल

## सुम्मेरा तालाब पर म्यूजिकल फाउंटेन का उदघाटन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर की सुंदरता और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सुम्मेरा तालाब पर स्थापित म्यूजिकल फाउंटेन और मंदिर के पास घाट पर श्रद्धालुओं के लिए टीन शेड का भव्य उदघाटन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पूरा क्षेत्र उत्सव जैसा माहौल लिए हुए नजर आया और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने फीता काटकर इसे जनता को समर्पित किया। मौके पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, जिलाध्यक्ष हरीशचंद्र रावत, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, प्रदीप चौबे, श्रीकांत सहित कई गणमान्य व्यक्ति, पार्षदगण और शहर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि सुम्मेरा तालाब पर म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण शहर के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने नगर पालिका की इस पहल की प्रशंसा की। नपाध्यक्ष ने बताया कि सुम्मेरा तालाब लंबे समय से शहर की पहचान रहा है और अब यहां म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित होने से इसकी महत्ता और भी बढ़ गई है। उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नगर पालिका के प्रयासों की सराहना की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के विकास कार्य शहर को नई पहचान देते हैं और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सुम्मेरा तालाब पर इस प्रकार की सुविधा पहले कभी नहीं थी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### दैनिक जनसुनवाई में समस्याओं का निस्तारण

## पीड़ित को मिले त्वरित न्याय, संतुष्टि के आधार पर किया जाए शिकायत का निस्तारणः डीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शासन के निर्देशानुसार गरीब, असहाय व जरुरतमंदों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण न्याय मिले, इसके लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश पूरी तहर से प्रतिबद्ध हैं और प्रतिदिन नियमित रुप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर दूरदराज से आने वाले फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराते हैं, इसी के क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी ने अपनी नियमित जनसुनवाई में अनेकों फरियादियों की समस्याओं का सम्बंधित अधिकारियों से दूरभाष पर सीधे निर्देशित कर निस्तारण कराया। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर जनता को राहत देना है। पीड़ित की समस्या का समाधान उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी निर्देश जारी किये हैं कि वंचित ग्रामों में अपने विभागीय कैम्प लगाकर पात्रों का चयन करें और प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलायें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से सम्बंधित जनशिकायतें आयीं, जिन्हें जिलाधिकारी ने मौके पर ही सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर निस्तारित कराया। जनसुनवाई के दौरान विकास खण्ड मड़ावरा के ग्राम बम्बौरी निवासी सोवरन सिंह ने बताया कि उनकी फसल अतिवृष्टि, ओलावृष्टि से नष्ट हो गई थी, बीमा का ऑनलाइन आवेदन करने पर भी बीमा कम्पनी क्लेम नहीं कर रही है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जण्डेल सिंह निवासी मऊमाफी ने विपक्षियों द्वारा उनके आवासीय पट्टे की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी सदर और चकबंदी अधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। ग्राम दैलवारा निवासी हरनाम सिंह ने अपनी बीमारी के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने का अनुरोध किया, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए। इसी दौरान पत्रकार पवन संज्ञा ने ग्राम पंचायत कुआगांव तहसील महरौनी की पीड़ित महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए बताया कि गांव के ही दबंगों ने के आवासीय पट्टों की भूमि पर रखे निर्माण सामग्री को हड़प लिया है और अपने भवन बनवा रहे हैं।

## अधबना कुआं, अवैध वसूली की मांग का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महरौनी तहसील क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां लघु सिंचाई विभाग की योजना के तहत स्वीकृत कुएं के निर्माण में अनियमितता और अवैध वसूली के आरोप लगाए गए हैं। ब्लाक बार के ग्राम डंगराना निवासी सावित्री पत्नी काशीराम ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री ब्लॉक कूप योजना के अंतर्गत उनका चयन किया गया था। योजना के तहत निर्धारित मानक के अनुसार कुएं की गहराई 48 फीट होनी चाहिए थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा केवल 25 फीट तक ही खुदाई कर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। शिकायत में आरोप है कि ठेकेदार द्वारा कार्य पूरा करने के नाम पर 20 हजार रुपये की अवैध मांग की जा रही है। पैसे न देने पर कुएं का निर्माण कार्य पूरा न करने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़िता का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने पूर्व में कई बार प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर पीड़िता ने एक बार फिर जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि अधूरे पड़े कुएं का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए और दोषी ठेकेदार एवं संबंधित विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यह मामला सामने आने के बाद सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## झांसी जोन की बैठक संपन्न, ललितपुर के अधिवक्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कर अधिवक्ता संघ ललितपुर की मासिक बैठक अध्यक्ष रुपनारायण विश्वकर्मा एड.एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन एड.की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, पंजीकृत लखनऊ की 65वीं कार्यकारिणी बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि रामपुर में सम्पन्न प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन वीटू एड. द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे प्रदेश अध्यक्ष राजपाल यादव एड. की संस्तुति एवं कार्यकारिणी की सहमति से पारित किया गया। इसके तहत बुंदेलखंड (झांसी जोन) की जोनल टीम का गठन किया गया। नई जोनल टीम में महोबा के हदेश गुप्ता एड. को जोनल चेयरमैन, ललितपुर के मुकेश साहू एड. को को-चेयरमैन तथा पवन राठौर को जोनल कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

## बसपा कार्यकर्ताओं को महीने में 20 दिन देना होगा समय : चिरगईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बहुजन समाज पार्टी ने आगामी चुनावी चुनौतियों को देखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में सक्रियता तेज कर दी है। इसी क्रम में बसपा मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईयां ने कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों का जायजा लिया और भविष्य की रणनीति तय की। मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईयां ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब कार्यकर्ताओं को अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यकर्ता को महीने में कम से कम 15 से 20 दिन पार्टी के कार्यों में समर्पित करने होंगे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के हितों की रक्षा और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए यह आवश्यक है। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध, मंडल प्रभारी केहर सिंह गौतम व तन्सूराम अहिरवार सहित अन्य पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी कार्यकर्ता दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए संगठनात्मक लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूरा करेंगे। इस दौरान विधानसभा प्रभारी अभिषेक गौतम, रामकिशन बैजनाथ, जिला संयोजक (भाईचारा) गगन बिहारी एडवोकेट, पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल कुमार, चंद्रभान सिंह, देवेंद्र मनोहर, अमन संतोष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में हरि सिंह यादव, अजय वीर विक्रम, सियाराम अहिरवार, कमल सिंह झंकार, चुन्नीलाल अहिरवार, हबीब खान मंसूरी, सचिन सिंह, निलेश वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, सोहेल खान, अशोक कुमार गौतम, बृज बिहारी, अरविंद अहिरवार, प्रकाश अशोक आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार जितेंद्र यादव ने देहदान अंगदान का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बार क्षेत्र के जाने-माने खोजी पत्रकार जितेंद्र यादव सेवरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक प्रेरणादायक और मानवीय पहल करते हुए देहदान एवं अंगदान का संकल्प लिया। उन्होंने शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन को ऑनलाइन संकल्प पत्र भरकर मानव सेवा की दिशा में कदम बढ़ाया। ट्रस्ट संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू एवं अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकार जितेंद्र यादव को सोट्टो द्वारा जारी अंगदान संकल्प प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनकी इस पहल की सराहना की।

## प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को साइबर फ्रॉड व बैंकिंग लोकपाल की जानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान एलडीओ विशाल यादव (लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर) द्वारा बैंकिंग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, लोन प्रक्रिया, साइबर फ्रॉड से बचाव एवं बैंकिंग लोकपाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एलडीओ ने महिलाओं को बताया कि किस प्रकार वह विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत बैंक से आसानी से ऋण प्राप्त कर अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकती हैं। उन्होंने लोन आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं समय पर भुगतान के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

सत्र के दौरान साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों को देखते हुए विशेष रूप से जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें और संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत बैंक या संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें। इसके साथ ही बैंकिंग लोकपाल के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि किसी ग्राहक को बैंक से संबंधित शिकायत का समाधान समय पर नहीं मिलता है, तो वह बैंकिंग लोकपाल के पास ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकता है।

### पुलिस का साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रयास

## साइबर क्राइम को लेकर जागरुक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को ए.वी.एम. इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के बारे में बताया, जिसमें ठग स्वयं को पुलिस या सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को डराकर धनराशि ठगते हैं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में हर व्यक्ति को सतर्क और जागरूक रहना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

#### साझा किए गए महत्वपूर्ण सुरक्षा सुझाव

किसी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें, बैंकिंग एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें, संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत सतर्क होकर कार्रवाई करें, इसके अलावा छात्रों को फेक लोन ऐप, केवाईसी अपडेट फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड और टेलीग्राम निवेश स्कैम जैसे साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

#### साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी

किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के अंत में ललितपुर पुलिस ने अपील की कि स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें, ताकि इस तरह के अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## आंगनबाड़ी में एक्सपायर्ड पोषाहार जांच में कोई गड़बड़ी नहीं मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र बंट पर एक्सपायर्ड पोषाहार वितरण के सोशल मीडिया पर वायरल हुए दावे विभागीय जांच में पूरी तरह निराधार साबित हुए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा की गई जांच में केन्द्र पर कहीं भी एक्सपायर्ड पोषाहार नहीं पाया गया। 27 अप्रैल को सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए थे, जिनमें केन्द्र पर एक्सपायर्ड पोषाहार बांटे जाने का आरोप लगाया गया था। मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 28 अप्रैल को मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि केन्द्र पर मार्च का टीएचआर स्टॉक शेष था। मार्च माह में कुल 117 लाभार्थियों के लिए पोषाहार आपूर्ति की गई थी, जिसमें से 40 लाभार्थियों को उसी माह एफआरएस के माध्यम से वितरण कर दिया गया था। वहीं 28 अप्रैल तक 57 लाभार्थियों को पोषाहार दिया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान ही बाल विकास परियोजना कार्यालय, बिरधा की दो मुख्य सेविकाओं की निगरानी में 28 और 29 अप्रैल को शेष लाभार्थियों को भी पोषाहार का वितरण पूरा करा दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर केवल रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पोषाहार जैसे आटा-बेसन हलवा, आटा-बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया-मूंग दाल खिचड़ी एवं एनर्जी डेंस हलवा की ही आपूर्ति की जा रही है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हादसा, बरखेड़ा मामेरा लेकर जा रहा था यादव परिवार

# पचोर में ट्रक-पिकअप की भिड़ंत, 2 महिलाओं की मौत, 21 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/पचोर

राजगढ़ जिले के खुजनेर क्षेत्र से ममेरे में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के लोगों की पिकअप वाहन सोमवार रात पचोर के पास सड़क हादसे का शिकार हो गई। पचोर से पहले पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, यादव परिवार के सदस्य खुजनेर के समीप मवासा गांव से ब्यावरा के बरखेड़ा गांव ममेरे में शामिल होने जा रहे थे। रात करीब 9:30 बजे पचोर पहुंचने से पहले यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप में सवार करीब 20 लोग और ट्रक चालक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पचोर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा सभी घायलों को तत्काल पचोर सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद 16 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल



शाजापुर रेफर किया गया, जबकि पिकअप चालक देवीसिंह यादव को सीने और पैर में फ्रैक्चर होने पर भोपाल भेजा गया है।

### इलाज के दौरान दो महिलाओं की मौत

जिला अस्पताल शाजापुर में उपचार के दौरान भगवती बाई पति चंद्र सिंह और अवंती बाई पति गोपाल निवासी मवासा, जिला राजगढ़ की मृत्यु हो गई। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पचोर सिविल अस्पताल में डॉ. विजया गौतम, डॉ. इंसाफ अंसारी, डॉ. मनीष यादव, डॉ. राहुल सिसोदिया, डॉ. हरीश



विश्वकर्मा सहित चिकित्सा स्टाफ ने घायलों का तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद रोड़मल नागर, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार व थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की। हादसे के बाद ट्रक चालक को पुलिस अभिरक्षा में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### पिकअप सवार हुए घायल

घायलों में कलाबाई पति होकमसिंह, लक्ष्मीनारायण यादव, होकमसिंह पिता गंगाराम, राजेश पिता मांगीलाल, कलाबाई पति देवनारायण, रामरतन पिता गोपाल (जिन्हें सीने में चोट लगी), कलाबाई पति गोपाल यादव, प्रेमसिंह यादव, नानकराम पिता नाथूलाल, भगवती पति प्रेमसिंह, देवसिंह पिता भावसिंह, सुरेश पिता मांगीलाल, कोमलबाई पति प्रभुलाल, अवंताबाई पति गोपाल, राधा पति नवीन यादव, योगेश पिता हेमराज यादव, मंजू पति अजयसिंह, पवन पिता प्रेमसिंह, भगवत पिता चंदरसिंह, धीरपसिंह पिता भंवरलाल, सोरमबाई पति गोपाल, प्रेमनारायण पिता रतनलाल और संजूबाई पति दिनेश यादव शामिल हैं।

# ट्रेन में हुई चोरी लेकिन जीआरपी ने राजगढ़ थाने भिजवा दी केस डायरी

## बीना-नागदा ट्रेन में महिला के बैग से हुए 80 लाख के जेवरात चोरी का मामला

### फरियादी महिला बोली जीआरपी एडीजी से करूंगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



विगत दिनों बीना-नागदा (चगड़ा) ट्रेन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से करीब 80 लाख के आभूषण चोरी हुए थे। इस मामले में चोरों की तलाश करने के बजाय जीआरपी पुलिस की लापरवाही भी सामने आ रही है। दरअसल, फरियादी महिला के अनुसार यह चोरी चलती ट्रेन में मक्सी से शाजापुर के बीच हुई थी लेकिन जीआरपी ब्यावरा ने इस मामले में जीरो पर कायमी कर आगे की विवेचना के लिए केस राजगढ़ कोतवाली पुलिस को भेजा है। दूसरे शब्दों में कहें तो इतनी बड़ी चोरी के इस मामले में सूक्ष्मता से विवेचना करने के बजाय नियमों का हवाला देकर केस को एक थाने से दूसरे थाने में भेजा जा रहा है। या यूं कहें कि जीआरपी ब्यावरा पुलिस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने में लगी हुई है।

### सीसीटीवी से हो सकती है बदमाशों की पहचान

महिला के अनुसार उज्जैन ट्रेन में बैठने के बाद मक्सी से दो युवक उनकी जनरल बोगी में चढ़े थे। उन्होंने ही संभवतः मक्सी से शाजापुर के बीच बैग काटकर इस चोरी को अंजाम दिया है। ऐसे में महिला के बयानों को गंभीरता से लेते हुए अगर ब्यावरा जीआरपी मक्सी और शाजापुर रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी खंगालने का प्रयास करे तो चोरों के बारे में मालूमात हो सकती है।

### ऐसे हुई थी यह चोरी


दो अज्ञात युवकों ने मक्सी और शाजापुर के बीच दिया वारदात को अंजाम
उज्जैन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से 80 लाख के जेवरात चोरी

फरियादी राजकुमारी पत्नी हुकम सुल्तानिया निवासी नालियाखाल उज्जैन अपनी बहन और बच्चों के साथ रविवार को बीना-नागदा ट्रेन से उज्जैन से ब्यावरा आने के लिए सवार हुई थीं। फरियादी महिला के अनुसार मक्सी से दो युवक उनकी जनरल बोगी में चढ़े थे। उन्होंने ही संभवतः मक्सी से शाजापुर के बीच बैग काटकर इस चोरी को अंजाम दिया है। फरियादी के अनुसार पुलिस गहराई से विवेचना कर मक्सी, शाजापुर स्टेशनों के सीसीटीवी खंगाले तो इन चोरों का पता लग सकता है।

### तो वरिष्ठ कार्यालयों में होगी शिकायत

उधर, फरियादी महिला का कहना है कि अगर जीआरपी ने इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की तो वे जीआरपी के उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की शिकायत करेंगी। चोरों के बारे में मालूमात करने की बजाय केस को एक थाने से दूसरे थाने में भिजवाया जा रहा है।

### इनका कहना है...

जीआरपी के नियमानुसार जिस स्थान पर चोरी होने की बात मालूम होती है उसे ही घटनास्थल माना जाता है। फरियादी महिला के राजगढ़ स्थित घर में काफी समय तक बैग रखा रहा। वहीं, उन्हें चोरी की बात मालूम हुई इसलिए हमने केस जीरो पर कायम कर राजगढ़ कोतवाली भेजा है।

गोपाल कनासियॉं, थाना प्रभारी, जीआरपी, ब्यावरा

लीमा चौहान थाना पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

# बाल-विवाह कराने वाले माता-पिता और युवक पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री का जबरन विवाह कराने के मामले में लीमाचौहान थाना पुलिस ने संबंधित किशोरी के कथनों व दस्तावेजों के आधार पर उसकी मां, पिता और जिससे शादी करवाई गई उस युवक पर मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि बाल-विवाह मामलों पर इस बार प्रशासन बेहद सख्त नजर आ रहा है। अब तक पांच मामलों में दोषियों पर बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं।



### क्या था पूरा मामला

16 साल की नाबालिग किशोरी ने किसी तरह थाने पहुंचकर कथन करवाए कि उसके पिता और माता ने 17 अप्रैल को चोरी छिपे उसकी शादी हराना गांव निवासी विक्रम मालवीय से कर दी। किशोरी की मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती यह शादी करवाई गई। लीमाचौहान थाना पुलिस ने किशोरी के कथनों एवं आयु संबंधी दस्तावेजों के आधार पर माता, पिता और युवक पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 9, 10, 11 के तहत मुकदमा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# किसानों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

गेहूं खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं, भेदभाव और किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ मंगलवार को नरसिंहगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के जिला सचिव एवं किसान नेता ज्ञान सिंह मीना के नेतृत्व में किसान न्याय यात्रा एवं ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में क्षेत्र के सैकड़ों किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए और एकजुटता का परिचय दिया। यह रैली भंडारी वेयरहाउस से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई एसडीएम कार्यालय, नरसिंहगढ़ पहुंची। किसानों ने रैली के माध्यम से गेहूं खरीदी केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं, पंजीयन की समस्याओं, सर्वर डाउन जैसी परेशानियों और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ प्रदर्शन किया। रैली के बाद किसानों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रमुख रूप से गेहूं खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु बनाने, किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा खरीदी केंद्रों पर व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

## आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 20 लाख से अधिक का महुआ लहान व शराब जब्त



सारंगपुर। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार रात्रि में प्रशासन ने बड़ी सफलता हासिल की है। कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशों पर आबकारी और पुलिस विभाग ने संयुक्त दबिश देकर अवैध शराब माफियाओं पर नकेल कसी। जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल और एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने ब्यावरा वृत्त के कटारियाखेड़ी क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध मदिरा और कच्चा माल बरामद किया गया, जिसमें महुआ लहान 20,000 किलोग्राम मौके पर नष्ट किया गया। जबकि हाथ भट्टी मदिरा 120 लीटर, देशी मदिरा 63 लीटर कुल अनुमानित मूल्य लगभग 20,53,000 रुपये आंकी गई।

## केबीटी प्राइवेट आईटीआई में 11 विद्यार्थियों का चयन

**विदिशा।** केबीटी प्राइवेट आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स द्वारा संपन्न हुआ। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, तकनीकी मूल्यांकन और साक्षात्कार हुआ। 39 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 11 का चयन एसोसिएट ट्रेनी पद पर हुआ। महाविद्यालय संचालक आनंद शरण ने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ बेहतर रोजगार अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्लेसमेंट प्रभारी देवेंद्र कुशवाह और धनराज अहिरवार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दीं। मीडिया सेल प्रभारी राहुल विश्वकर्मा ने कंपनी प्रतिनिधियों का आभार जताया।

असफल भुगतानों की साप्ताहिक रिपोर्ट देने के निर्देश

# सरकारी स्कूलों में पुस्तकें व साइकिल वितरण सौ प्रतिशत हो: कलेक्टर गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसी भी विद्यालय में वितरण कार्य शेष नहीं रहना चाहिए।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को समयसीमा में शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबल योजना तथा कर्मकार मंडल (बीओसीडब्ल्यू) अंतर्गत लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि ये शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, अतः सभी लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत असफल भुगतानों की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्रुटियों का शीघ्र सुधार कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन योजनाओं में डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जाती है, उनमें असफल भुगतान की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

## आधार बायोमेट्रिक अपडेट में विदिशा टॉप–5 जिलों में शामिल

**विदिशा।** आधार के जरूरी बायोमेट्रिक अपडेट कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विदिशा जिले की सराहना हुई है। जिले को विद्यार्थियों के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान के तीसरे चरण 1 से 25 अप्रैल में प्रदेश के टॉप पांच जिलों में स्थान मिला है। निदेशक द्वारा प्रेषित प्रशंसा पत्र में कलेक्टर के नेतृत्व में जिला प्रशासन, विशेष रूप से स्कूल शिक्षा विभाग एवं डीईजीएस टीम के समन्वित प्रयासों को सराहा गया है। अभियान के तहत विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट को गति देने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए।

# मां जानकी जन्मोत्सव पर 'सीतायण' का विमोचन नारी शक्ति और प्रकृति संरक्षण का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की महिला विंग द्वारा मां जानकी का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लेखिका नीतेश रघुवंशी द्वारा रचित पुस्तक 'सीतायण' का विमोचन रहा।

इस कृति में मां सीता के जीवन आदर्शों को आधुनिक संदर्भ में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली श्रीमती बबीता



सांकलखेड़ा एवं मुन्नी हिनोतिया को 'धरणीसुता' सम्मान से सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण बचाने का संकल्प भी दिलाया गया। मंच संचालन रजनी रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नारी शक्ति पर ओजस्वी कविताएं प्रस्तुत कीं, वहीं महिलाओं ने काव्य पाठ के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। कवयित्री नीतेश रघुवंशी और रिंकी रघुवंशी ने स्वरचित गीत एवं मुक्तक सुनाकर वातावरण को भावविभोर कर दिया।

# प्रतिभा विकास संस्थान ने शिक्षा सेवा के संकल्पों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पूरनपुरा एलबीएस नगर स्थित प्रतिभा विकास भवन में संस्थापक सचिव शिक्षाविद् कीर्तिशेष सीताराम गुप्त की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व सहायक जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर राव पवार, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुप्त जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें समर्पित, कर्मठ और संकल्पशील शिक्षक बताया। पुष्कर राव पवार ने उनके साथ 50 वर्षों के सहयोग को स्मरण करते हुए शिक्षा क्षेत्र में किए गए योगदान को अनुकरणीय बताया। वक्ताओं ने कहा कि 1996 में स्थापित यह संस्थान आज भी निःशुल्क शिक्षा और संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। इस




अवसर पर परिजनों एवं समाजसेवियों ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की। कार्यक्रम में नागरिक, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं गुप्ता परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## मंगल भवन के लिए 5 लाख देंगे विधायक



**ग्यारसपुर।** हिम्मतपुर स्थित हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर नागा साधु जी के सानिध्य में चल रहे 11 कुण्डीय रुद्र यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन विधायक हरिसिंह रघुवंशी शामिल हुए। कथा मंच पर विधायक ने विधायक निधि से मंगल भवन के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। आज भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। इस दौरान ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए

# प्रतिभा सम्मान समारोह: साकेत शिशुरंजन स्कूल ने किया राज्य व जिला मेरिट में स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

विद्यालय से कक्षा 10वीं में 254 एवं कक्षा 12वीं में 234 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सिविल लाइंस स्थित साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में राज्य एवं जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कक्षा 12वीं की छात्रा ऋतिका रघुवंशी ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं सिद्धि लोधी ने जिला मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं में कनक मीना ने जिला मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुज अहिरवार और नमन धाकड़ ने तीसरा स्थान प्राप्त कर



विदिशा। कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सफलता का परचम लहराया। इसके अतिरिक्त 49 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस.पी. सिंह जाटव, संस्था अध्यक्ष अतुल शाह, उपाध्यक्ष प्रमोद व्यास, साकेत एमजीएम स्कूल के डायरेक्टर डॉ. कुशाग्र दीक्षित, प्राचार्य विभाष रंजन पाल एवं साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की बधाई दीं। विद्यालय से कक्षा 10वीं में 254 एवं कक्षा 12वीं में 234 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। समारोह का संचालन ज्योति सिरभैया ने किया।

## गैस सिलेंडर में पानी निकलने की उपभोक्ता फोरम में की शिकायत

**ग्यारसपुर।** इंडेन गैस एजेंसी द्वारा ग्राम निवासी विनीता बाई कुशवाह को गैस की जगह पानी भरा सिलेंडर थमा दिया गया। परिजनों के अनुसार सिलेंडर से करीब 4 किलो गैस और 10 किलो पानी निकला, जिससे खाना बनाना असंभव हो गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार नया सिलेंडर भरवाने में असमर्थ है। विनीता के भाई रमेश कुशवाह ने बताया कि कई बार एजेंसी और अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पिछले एक सप्ताह से परिवार लकड़ी जलाकर भोजन बनाने को मजबूर है, पीड़ितों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 और उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए




विदिशा। विजेताओं को पुरस्कार देते हुए अतिथि।

**विदिशा।** एसएटीआई के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के बीआईएस क्लब द्वारा मंगलवार को छात्र क्लब सदस्यों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में बीआईएस क्लब की मेंटर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कनक सक्सेना तथा बीआईएस समन्वयक डॉ. सुनील जोशी ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एक हजार, 750 रुपए और 500 एवं 250 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। दिशा पांसे ने प्रथम, अंकित देहरिया ने द्वितीय, शुभांश्री गेडाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुहू जैन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वाईके जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के विश्लेषणात्मक कौशल और मानकों के प्रति जागरूकता को बढ़ाती हैं। सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर ने भी विजेताओं को बधाई दी।